# कैंसर का नैदानिक परीक्षण

*Clinical Trials for Cancer – Hindi*

## कैंसर नैदानिक परीक्षण एक अनुसंधान अध्ययन हैं जो कैंसर के इलाज के बेहतर तरीके खोजने के लिए किए जाते हैं।

### कैंसर के इलाज के लिए नैदानिक परीक्षणों की आवश्यकता क्यों है

कैंसर नैदानिक परीक्षण लोगों में किए गए अध्ययन हैं। नैदानिक परीक्षण वैज्ञानिकों और डॉक्टरों को यह जानने में मदद करते हैं कि क्या कोई नया इलाज सुरक्षित है और यह कितनी अच्छी तरह काम करता है। कई कैंसर नैदानिक परीक्षण में एक मानक इलाज के साथ तुलना करके एक नए इलाज का परीक्षण किया जाता है। एक मानक इलाज वर्तमान में एक प्रकार के कैंसर के इलाज के लिए उपयोग किए जाने वाले सर्वोत्तम विकल्पों में से एक है। हर साल कई लोगों की मदद की जाती है क्योंकि वे अपने कैंसर के इलाज के हिस्से के रूप में नैदानिक परीक्षणों में भाग लेना चुनते हैं। और, वर्षों बाद भी, कई अन्य लोग नैदानिक परीक्षणों में सीखी गई बातों से लाभ उठा सकते हैं।

### नैदानिक परीक्षण कैसे काम करते हैं

नैदानिक परीक्षण चरणों में किए जाते हैं जिन्हें चरण कहा जाता है। अगले चरण में जाने से पहले प्रत्येक चरण के निष्कर्षों को अनुमोदित किया जाना चाहिए। चरण 1 में, यह देखने के लिए नए इलाज का परीक्षण किया जाता है कि क्या यह सुरक्षित है और यह पता किया जाता है कि गंभीर दुष्प्रभाव पैदा किए बिना कौन सी खुराक सबसे अच्छा काम करती है। चरण 2 में, नए इलाज का परीक्षण यह देखने के लिए किया जाता है कि यह कुछ प्रकार के कैंसर के खिलाफ कैसे काम करता है। चरण 3 में, नए इलाज की तुलना वर्तमान मानक इलाज से की जाती है, यह देखने के लिए कि कौन सा इलाज किसी विशेष कैंसर का बेहतर इलाज हो सकता है और प्रत्येक व्यक्ति के लिए दुष्प्रभाव कैसे भिन्न हो सकते हैं। यदि नया इलाज सभी चरणों मे सफल रहता है, तो इसे उन लोगों में उपयोग के लिए अनुमोदित किया जा सकता है जिन्हें इसकी आवश्यकता हो सकती है। लेकिन, यह कैसे काम कर रहा है, इस पर नज़र रखने के लिए अनुमोदन के बाद भी नए इलाज का अध्ययन किया जाएगा।

### नैदानिक परीक्षण में होना कैसा होता है?

यदि आप एक नैदानिक परीक्षण में हैं, तो आपको मानक इलाज की तुलना में अधिक बार क्लिनिक जाना पड़ सकता है और प्रयोगशाला परीक्षण भी अधिक हो सकते हैं। आपके पास विशेषज्ञों की एक टीम होगी जो आपकी देखभाल करेगी और आपको ध्यान से परीक्षण करेगी कि आप कैसे हैं।

नैदानिक परीक्षण में होने के कुछ जोखिम हैं। कई नैदानिक परीक्षणों में, यह ज्ञात नहीं होता कि इलाज काम करेगा या नहीं और आपके क्या क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं। अध्ययन अक्सर यही पता लगाने की कोशिश करता है। मानक इलाज की तरह, अधिकांश दुष्प्रभाव समय के साथ दूर हो जाते हैं, लेकिन कुछ लंबे समय तक चल सकते हैं या जीवन के लिए खतरा भी हो सकते हैं। इलाज शुरू होने से पहले आपको किसी भी ज्ञात जोखिम के बारे में बताया जाएगा।

लेकिन नैदानिक परीक्षण में रहने के फायदे भी हो सकते हैं। आपको या तो अपने प्रकार के कैंसर के लिए मानक इलाज दिया जाएगा, या आपको एक नया इलाज मिलेगा जो और भी बेहतर हो सकता है। कुछ मामलों में, एक नया इलाज प्राप्त करने में सक्षम होने का एकमात्र तरीका नैदानिक परीक्षण का हिस्सा होना होता है।

कुछ लोग सोचते हैं कि नैदानिक परीक्षण में भाग लेने का अर्थ है कि वे एक प्रयोग का हिस्सा हैं। नैदानिक परीक्षणों में शामिल लोगों को अध्ययन में बने रहने के लिए कुछ चीज़ें करने या कुछ परीक्षण करने की आवश्यकता हो सकती है, लेकिन उन्हें बहुत अच्छी देखभाल मिलती है। वास्तव में, नैदानिक परीक्षणों में अधिकांश लोग अपनी कैंसर देखभाल और अनुसंधान टीमों से मिलने वाले अतिरिक्त ध्यान को पसंद करते हैं।

## नैदानिक परीक्षणों में प्लेसबो का उपयोग

सिर्फ प्लेसबो (नकली इलाज) का उपयोग नैदानिक परीक्षणों में शायद ही कभी किया जाता है जो एक नए इलाज का परीक्षण करते हैं। यदि कोई इलाज ज्ञात नहीं हो या किया जाने वाला अध्ययन कैंसर को रोकने के लिए किसी तरीके की तलाश कर रहा हो तब प्लेसबो का उपयोग किया जा सकता है। लेकिन, अधिकांश कैंसर नैदानिक परीक्षणों में प्लेसबो का उपयोग नहीं किया जाता है। काम करने के लिए जाने जाने वाले इलाज के बजाय किसी को प्लेसबो देना नैतिक नहीं है।

## नैदानिक परीक्षण में होने का निर्णय लेना

इससे पहले कि आप नैदानिक परीक्षण का हिस्सा बन सकें, शोध चिकित्सक या नर्स आपको बताएंगे कि इससे क्या उम्मीद रखनी चाहिए और नैदानिक परीक्षण में शामिल होने के जोखिमों और लाभों पर भी चर्चा करेंगे। वे किसी भी प्रश्न का उत्तर भी देंगे और आपकी चिंताओं के बारे में बात भी करेंगे। यदि आप नैदानिक परीक्षण में शामिल होने के लिए सहमत हैं, तो वे आपको हस्ताक्षर करने के लिए एक लिखित सहमति प्रपत्र देंगे।

यह जानना महत्वपूर्ण है कि, यह आपकी पसंद है कि आप किसी नैदानिक परीक्षण में रहना चाहते है या नहीं। आप किसी भी कारण से किसी भी समय अध्ययन छोड़ने का विकल्प चुन सकते हैं, और फिर भी वह देखभाल प्राप्त कर सकते हैं जो आपको मिल रही होती यदि आपने नैदानिक परीक्षण को नहीं चुना होता।

## पूछे जाने वाले प्रश्न

क्लिनिकल परीक्षण में शामिल होने के लिए सहमत होने से पहले कई चीजें हैं जो आप जानना चाहेंगे। आप शोध चिकित्सक या नर्स से पूछना चाह सकते हैं:

- यह अध्ययन क्यों किया जा रहा है?
- मैं कब तक नैदानिक परीक्षण में रहूंगा?
- मुझे कितनी बार परीक्षण की आवश्यकता होगी?
- मुझे इलाज और जांच के लिए कहां जाना होगा?
- अगर मुझे कोई समस्या हो तो मैं किसे कॉल करूंगा?
- क्या मुझे किसी चीज़ के लिए भुगतान करना होगा?
- मेरे अन्य विकल्प क्या है?

अन्य प्रश्न जो आप पूछना चाहते हैं, वे आपको दिए जा रहे इलाज के प्रकार पर निर्भर करेंगे। जैसा आप चुनते हैं, उस हिसाब से आप परिवार के विश्वसनीय सदस्यों और दोस्तों से बात करना चाह सकते हैं। प्रश्न पूछने से न डरें। किसी भी ऐसे नैदानिक परीक्षण के बारे में अधिक से अधिक जानें जिसमें आप रुचि रखते हैं ताकि आप वह विकल्प चुन सकें जो आपके लिए सबसे अच्छा हो

कैंसर की जानकारी, दिन-प्रतिदिन की सहायता और सहयोग के लिए, अमेरिकन कैंसर सोसायटी को **1-800-227-2345** पर कॉल करें या **cancer.org/clinicaltrials** पर हमें ऑनलाइन पाएँ। जब भी आपको हमारी जरूरत हो, आपके लिए हम हैं।



bbb.org/charity

HINDI
©2021, American Cancer Society, Inc.
No. 004489-Rev.6/21